# एकता और सहयोग को बढ़ावा देता है साहित्य : माधव कौशिक

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** रूस के कजान में बुधवार से शुरू हुए ब्रिक्स साहित्य समारोह 2024 में भारत की ओर से साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक और सचिव डॉ. के. श्रीनिवास राव ने शिरकत की। सम्मेलन का आधिकारिक उद्घाटन कजान के मेयर इल्सूर मेटिशन ने किया। ब्रिक्स साहित्य समारोह 2024 का विषय 'नई वास्तविकता में विश्व साहित्य। परंपराओं, राष्ट्रीय मूल्यों और संस्कृतियों का संवाद' है। यह सम्मेलन ब्रिक्स देशों के लेखकों, कवियों, दार्शनिकों, कलाकारों और विद्वानों का संगम है जो 14 सितम्बर तक चलेगा।

अकादमी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्रिक्स समारोह में माधव कौशिक ने कहा कि साहित्य दुनिया भर के विभिन्न समाजों के बीच एकता और सहयोग को बढ़ावा देता है। 'भारत के लेखकों से मिलें' शीर्षक एक अन्य कार्यक्रम भी आयोजित हुआ, जिसका विषय था, 'वोल्गा से गंगा तक : परंपरा और बहुसंस्कृतिवाद का उत्सव'। इसके संचालक एवगेनी अब्दुल्लाव थे। इस सत्र में डॉ. के. श्रीनिवासराव ने कहा कि कैसे दुनिया भर में नदी आधारित संस्कृतियों ने बहुसंस्कृतिवाद को बढ़ावा दिया तथा किस प्रकार बहुसंस्कृतिवाद सामाजिक प्रगति और एकता स्थापित करने में सहायक होती है।